आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 23 अगस्त 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरुआत करेगा। और आने वाले समय में अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाएगा।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के नए भवन का उदघाटन किया।

3. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

4. हरियाणा के खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को ब्रह्मसरोवर के नज़दीक बने डंपिंग ज़ोन को हटाने के निर्देश दिए।

5. भिवानी ज़िले के मनीषा हत्या मामले को लेकर मनीषा के पिता ने राजनितिक दलों से इस मामले में राजनीती न करने की अपील की।

6. हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा अध्यापक पात्रता परीक्षा के परिणाम 29 अगस्त के बाद घोषित किये जायेंगे।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा।

उन्होंने कहा कि आज भारत semi-cryogenic engine और electric propulsion जैसी breakthrough technology में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही, आप सब वैज्ञानिकों की मेहनत से, भारत गगनयान की उड़ान भी भरेगा, और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।

एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहा है और पिछले 11 वर्षों में सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

स्पेस सेक्टर में, पॉलिसी लेवेल पर भी, कहीं कोई आखिरी ठहराव नहीं होना चाहिए। और इसीलिए, मैंने लाल किले से कहा था, हमारा रास्ता Reform, Perform और Transform का रास्ता है। इसलिए बीते 11 वर्षों में देश ने स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक लगातार बड़े reforms किए हैं।

श्री मोदी ने कहा कि आने वाले समय में गहन अंतरिक्ष अन्वेषण से अंतरिक्ष से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं।

अभी हम मून और मार्स तक पहुंचे हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में उन हिस्सों में भी झोंकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए कई जरूरी रहस्य छिपे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की प्रगति आम नागरिकों के जीवन को आसान बना रही है

******************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकुला के सेक्टर 3 स्थित स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री विपुल गोयल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सहित कई गणमान्य व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वित्तीय प्रबंधन संस्थान के नवनिर्मित भवन का लाभ सभी विभागों और लोगों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है 2047 तक भारत विकसित हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में विकसित हरियाणा मजबूती से खड़ा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन में नई तकनीक के सम्मेलन कक्ष बने हैं इस भवन के अंदर प्रदेश की तमाम योजनाओं के लिए नीतियां बनेंगी और वित्त का काम होगा।

शहरों में सफाई व्यवस्था तथा सरकारी अस्पतालों में सफाई व्यवस्था को लेकर हुई अहम बैठक के बारे पूछे प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता को लेकर हरियाणा के

शहरों की अलग रैंकिंग तय की जाएगी। केंद्र सरकार जैसे शहरों की स्वच्छता की रैंकिंग तय करती है वैसे हरियाणा में भी शहरों की स्वच्छता की रैंकिंग तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जिलों की सरकारी अस्पताल में निजी अस्पताल जैसी सुविधा मिलेगी। एमआरआई , डिजिटल एक्सरे , डायलिसिस जैसी सभी सुविधाएं सरकारी अस्पतालों में मिलेगी।

आज सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और प्राथमिक स्वास्थ्य अधिकारियों को बैठक में दिशा निर्देश दिए गए है।17 सितंबर को सरकारी आधुनिक अस्पतालों के पहले चरण का उद्घाटन किया जाएगा जिनमें सभी सुविधाएं होंगी।

विधानसभा के मॉनसून सत्र में विपक्ष की भूमिका पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमाम मुद्दों को खत्म कर दिया है।

************************************************************************

हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज कुरुक्षेत्र जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि आज की बैठक में अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि शहर में बढ़ रहे आवारा पशुओं की तादाद को काबू करने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए ताकि कोई जान का नुकसान न हो।

कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के नजदीक बने डंपिंग जोन को बंद करवाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर के नजदीक बना डंपिंग जोन आस्था को ठेस पहुंचा रहा है।

मृतका अध्यापिका मनीषा के मामले में उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मामले में राजनीति न करें,परिवार को नायब सरकार पर पूरा भरोसा है,उनके भरोसे को टूटने नही देंगे।

वही उन्होंने सदन में हुई बहस और वॉकआउट के सवाल पर कहा कि विपक्ष को जन समस्याओं पर मुद्दों को ध्यानपूर्वक रखना चाहिए और सदन की कार्रवाई में विघ्न नहीं डालना चाहिए।

************************************************************************

भिवानी जिला के सिंघानी में मनीषा की कथित हत्या के मामले में कल विधानसभा में विपक्ष द्वारा सदन की कार्यवाही में व्यवधान डाला गया और इस मुद्दे पर जाम कर राजनीति हो रही है।

मनीष के पिता संजय ने एक वीडियो जारी कर राजनीतिक दलों व नेताओं से इस मामले में राजनीति न करने की अपील की है।

उन्होंने वीडियो में हाथ जोडकर कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी बेटी मनीषा की मौत पर उनकी तथा आम लोगों की मांग पर सीबीआई जांच एवं एम्स से पोस्टमार्टम करवाए जाने की मांग पूरी की है। ऐसे में राजनेताओं का इस मुद्दे पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी कल विपक्ष की कड़ी आलोचना की और कहा कि वे केवल अनावश्यक हंगामा कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि भिवानी की बेटी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा अध्यापक पात्रता परीक्षा के परिणाम 29 अगस्त के बाद घोषित किए जाएंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के 150 में से 90 अंक लेने वाला अभ्यर्थी परीक्षा में उत्तीर्ण माना जाएगा वहीं अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थी को पास होने के लिए 150 में से 82 अंक लेने होंगे।

डॉ पवन कुमार शर्मा ने कहा कि 25 व 26 अगस्त को मैरिट में आए 40 हजार से भी अधिक परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन होगा।

उन्होंने बताया कि मेरिट में आए परीक्षार्थियों को एसएमएस, मेल व बोर्ड वेबसाइट के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए संदेश भेजे जा रहे हैं। बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए आधार कार्ड, पहचान पत्र व एचटेट एडमिट कार्ड साथ लेकर आना जरूरी है।

************************************************************************